हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 29 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

16 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 250 पौधों का रोपण कर ...



15 भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से मनाया गया





## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**गुरूर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के माध्यम से 29 जून को सुबह 11 बजे से जनता जनार्दन को संबोधित करेंगे। इसके तहत भाजपा मंडल गुरुर में निवासरत समस्त प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी गण, कार्यकारणी सदस्य गण, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, समस्त पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधिगण, बूथ अध्यक्षगण एवं कार्यकर्ता गण मन की बात कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति अवश्य प्रदान करें। अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर आनंद शर्मा ने बताया जिसमे शक्ति केन्द्र संयोजक सहसयोजक एवं प्रभारी/सह प्रभारी गण अपने–अपने क्षेत्र के बूथों में विशेष कर कार्यक्रम की जानकारी भाजपा अधिकृत मंडल गुरूर के ग्रुप में एवं मुझे व्यक्तिगत रूप ने फोटो एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का नाम सहित जानकारी देवे। सभी शक्तिकेन्द्र/बूथों में जो पहले से आये कार्यक्रम सम्पन्न नही हुए है उन्हें एक साथ 29 तारीख को करना है, 11 वर्ष के कार्यकाल संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम, बलिदान दिवस कार्यक्रम, आपातकाल दिवस कार्यक्रम,एक पेड़ माँ के नाम और प्रत्येक बूथ में 50 पौधे रोपण के लक्ष्य के कार्यक्रम को एक साथ मन की बात कार्यक्रम के साथ सम्पन्न करना है। प्रत्येक कार्यक्रम के फोटो, और जानकारी ग्रुप एवं सरल एप्प में अपलोड करना है।

### तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत



**बालोद।** ग्राम मचौद में तालाब में नहाते समय एक 77 वर्षीय बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुजुर्ग का नाम रामकुमार चंद्राकर उम्र करीबन 77 वर्ष बताया जा रहा है, घटना की जानकारी मिलने के बाद गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को तालाब से निकलवा कर पंचनामा करने के बाद पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम पश्चात बुजुर्ग के शव को घर वालों को सौंप दिया गया। वही आगे की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### समन और वारंट ऑनलाइन होंगे जारी

**दुर्ग।** न्यायपालिका को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से राज्य के सभी जिलों में आपराधिक मामलों के लिए ई-समन सुविधा का आधिकारिक शुभारंभ हुआ। प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशन में जिले के सभी न्यायालयों में नियुक्त कोर्ट मोहर्रिर को इस नई व्यवस्था की जानकारी दी गई।

# मॉडल किड्स राजधानी श्रेणी की विजेता बनी रेहांशी साहू

## ग्राम चिंगरी निवासी ने जिला का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी रेहांशी साहू ने अपने गांव और दुर्ग जिला का नाम रोशन किया। ममता ब्यूटी अकादमी एवं स्टार स्टूडियो की भव्य प्रस्तुति छत्तीसगढ़ टेलेंट हंट एवं स्टार फेस ऑफ राजधानी में 25 जून को आयोजन सिटी सेंटर मॉल में किया गया।

इस भव्य आयोजन के आयोजक कर्ता रहे ममता पटेल एवं कमल सारथी , इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के टैलेंटेड बच्चे बढ़ चढ़ के पार्टिसिपेट के रूप में हिस्सा लिए , इस आयोजित कार्यक्रम में मॉडलिंग , डांसिंग , सिंगिंग से जुड़े विषयों पर आयोजन रखा गया। मॉडल किड्स राजधानी श्रेणी- की विजेता बनी दुर्ग जिला के ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी रेहांशी माता पूजा व पिता गोपी साहू विनर बनी। इसमें छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान युवा बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर रखा गया , जहां सभी प्रतिभावान बच्चे अपनी प्रतिभा कलाओ जैसे मॉडलिंग , सिंगिंग , डांसिंग , ब्राइडल मेकअप , से अपनी प्रतिभा का प्रस्तुति इस आयोजित बहुत बड़े मंच पर प्रस्तुत किये आयोजन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे।





**ये रहे मौजूदः** छत्तीसगढ़ संगीत जगत के मोहन सुंदरानी , छत्तीसगढ़ पद्मश्री से सम्मानित पंडवानी गायिका उषा बारले , छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकार फ़िल्मि एक्टर दीपक साहू , छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकप्रिय लोकगायक संगीत निर्देशक आदरणीय सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ी के निर्देशक लेखक भूपेंद्र चंदनिया छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय लोकगायिका ज्योति कँवर ,छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि प्रोड्यूसर हितेन्द्र सुंदरानी , निखिल सुंदरानी , विजय सुंदरानी , रोमी सुंदरानी , राधाकिशन सुंदरानी छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि की लोकप्रिय कलाकार नायिका आस्था शर्मा , वाइरल गीत, मोर जोहि, फेम गायिका भीमा बंजारे , छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि कलाकार प्रमिला रात्रे ,छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि कलाकार मिस्टर त्यागी , छत्तीसगढ़ी कलाकार नायिका माही साहू , समाज सेवक एवं इवेंट ऑर्गेनाइजर लक्ष्मी गर्ग ,छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि प्रडयूसर मुकेश बम्बोडे , प्यारे लाल यादव , हेमन्त सारथी , प्रशांत अग्रवाल , न्यूज एंकर शीमा साहू , एंकर खुशबू अंसारी अन्य अतिथि शिव राउत , ऐश्वर्या साहू , कैमरा मेन करन यादव अन्य सभी के उपस्थिति में यह आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

## मौसम

### आषाढ़ का एक पखवाड़ा बीत गया पर अपेक्षित बारिश अभी तक नहीं हुई

# हल्की वर्षा से किसानों को मिली राहत, है मूसलाधार की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे शनिवार दोपहर के बाद काले घने बादलो के बीच बिना गजर चमक व आंधी तुफान के बारिश देखने को मिली जो जिले को सराबोर करते हुए बारिश का आनंद दिला रही थी।

- खेती किसानी का काम गति पर पानी का संकट है कायम

आशाढ़ का महीना निकलता जा रहा है लेकिन जिस तरह से पूर्व मे आशाढ़ के मौसमो मे बारिश देखने को मिलती थी उस तरीके से इस बार बारिश नही होने के कारण जिले के किसानो की चिंता बढ़ती जा रही थी लेकिन पिछले कुछ दिनो मे हो रही हल्की बारिश से एक बार फिर लोगो के चेहरे खिल उठे है और अब लोग जमकर बारिश होने की प्रार्थना कर रहे है। जहां शनिवार को दोपहर बाद हुई बारिश से किसानो के चेहरे खिल उठे।





## बोआई कार्य में किसान व्यस्त

जहां शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश के बाद किसान अनुमान लगा रहे है कि अब उनके द्वारा खेतो मे लगाए गए धान जग जाएंगे क्योकि किसानो द्वारा पिछले करीब 15 से 20 दिनो पहले आसमान मे आ रहे काले बादलो को देखते हुए बारिश की आस मे धान का छिड़काव खेतो मे कर दिया गया था लेकिन पानी नही गिरने के का खेतो मे छिड़काव के माध्यम से पहले ही बो दिये धान नही जग पा रहे थे ऐसे मे किसानो की चिंता बढ़ती जा रही थी। जिसके बाद अब हो रही हल्की बारिश से किसानो के साथ आम जनता को भी राहत मिल रही है।

# बघमरा पुल पर अनियंत्रित होकर पलटा रेत से भरा हाईवा, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम बघमरा तांदुला पुल में रेत से भरा 16 चक्का हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बघमरा की बताई जा रही है। जहां एक 16 चक्का रेत से भरा हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एएक्स 6599 वाहन पुल के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पुल में पलट गया। गरिमत यह रहा है कि गाड़ी पुल से नीचे नहीं गिरा नहीं तो और बड़ी अनहोनी हो सकता था। नगर के बघमरा पुल के ठीक पहले दोनों छोर में हल्का सा घुमावदार मोड है। इसके बावजूद भी बड़े–बड़े वाहन चालक यहां से अपने वाहनों को काफी तेज गति से वह लापरवाही पूर्वक चलाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें कुछ इसी तरह से चुकाना पड़ता है, जहां इससे पहले भी इस जगह में कई सारी बड़ी घटनाएं घट चुकी है।

## मोबाइल मांगने पर पिता-पुत्र की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**गुरूर।** सनौद थाना अंतर्गत ग्राम भोथली में मोबाइल मांगने पर कुलेश्वर ने देवा व उनके पिता की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार देवा यादव ने जानकारी दी है कि 24 जून को शाम 4 बजे प्राथमिक शाला के पास बातचीत करने के लिए मेरा मोबाइल कुलेश्वर साहू को दिया था। शाम 7 बजे मोबाइल मांगने घर के सामने गया तो कुलेश्वर ने मोबाइल देने से मना कर गाली गलौज की। स्टील के चुड़ा से आंख के ऊपर, मुंह व कोहनी को मारा। पिता रूपलाल यादव ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। सनौद थाने में कुलेश्वर के खिलाफ धारा 117 (2), 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बना वरदान, भरदा में सोलर सिस्टम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा निवासी कमलेश कुमार ठाकुर के लिए केंद्र सरकार की ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना ने न केवल उनकी बिजली की समस्या को हल किया, बल्कि पर्यावरण–अनुकूल सौर ऊर्जा के माध्यम से उनके जीवन को नई रोशनी प्रदान की है।

- कमलेश कुमार के घर पर लगा तीन किलोवाट का संयंत्र, बिजली पर आई आत्मनिर्भरता
- सोलर सिस्टम से पर्यावरण के संतुलन रहेगा संतुलित

कमलेश ठाकुर ने बताया कि उनका घर गाँव से कुछ दूरी पर स्थित है, जिसके कारण उनके घर में बिजली की आपूर्ति में हमेशा समस्याएँ बनी रहती थीं। बिजली की अनियमितता उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करती थी। जब उन्हें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत ऑनलाइन आवेदन किया। उनकी



त्वरित कार्रवाई का परिणाम यह हुआ कि छह महीने पहले उनके घर में 03 किलोवाट का सोलर सिस्टम स्थापित कर दिया गया। इस सोलर सिस्टम ने कमलेश के घर की बिजली की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। वे बताते हैं कि सोलर पैनल से इतना अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है कि उनकी खपत के बाद भी बिजली बिल शून्य हो गया है। इससे न केवल उनकी आर्थिक बचत हुई है, बल्कि उन्हें बिजली की उपलब्धता के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। कमलेश ने इस योजना को हर व्यक्ति के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि यह योजना बहुत अच्छी है। सौर ऊर्जा प्रकृति और पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। इससे बिजली उत्पादन में पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। हर किसी को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए।

### सीएम का जताया आभार

कमलेश और उनका परिवार ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के तहत सोलर पैनल की स्थापना से बेहद खुश है। वे इसे अपने जीवन में एक बड़े बदलाव के रूप में देखते हैं। इस योजना के सुचारू संचालन और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें में बिजली की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ–साथ स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कमलेश ठाकुर जैसे लाभार्थियों की कहानियाँ इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि यह योजना न केवल बिजली की समस्या का समाधान कर रही है, बल्कि लोगों को विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने में भी योगदान दे रही है।




## समारोह में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया

# सार्वजनिक शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार से किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गाँधी नगर ग्राम अंडा में शुक्रवार को गाँधी भाटा तालाब के पास सार्वजनिक नवीन शिवमन्दिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह हुआ। पुरोहित रविंद्र पांडे द्वारा पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और शिवलिंग की स्थापना की गई।

इस समारोह में, सबसे पहले ग्राम शीतला मंदिर कलश यात्रा में जल लाया गया जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। इसके बाद, वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इस अवसर पर भगवान शिव के साथ माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाएं भी स्थापित की गईं.



### बेलपत्र व जल से शिवजी का मस्तक शीतल रहता है

आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा भी की। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारे व महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की। शाम 4 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चला। इस अवसर पर पांडे ने बताया कि बेलपत्र से पूजा से लाभ क्यों होता है बेलपत्र और जल से शिव जी का मस्तिष्क शीतल रहता और उन्हें शांति मिलती है।इसलिए बेलपत्र और जल से पूजा करने वाले पर शिव जी प्रसन्न होते हैं। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम ये लोग थे शामिल सेवा नियुक्त शिक्षक डी. पी चन्द्रकार, डॉ एन के साहू, अमित चन्द्रकार,डॉ सिन्हा,शिक्षक शंकर लाल ठाकुर,शीतल साहू,राजेंद्र कुमार साहू, बलराम साहू, बीरेंद्र साहू, डीकेश साहू, नारद साहू, युवराज साहू, दिलीप साहू,तोरण विश्वकर्मा, खिलेन्द्र यादव,राजेंद्र डिमर, भागीरती,सुखनंदन चन्द्रकार ,संजय साहू, रोहित साहू पिंटू साहू, वार्ड पंच उत्तरा देशमुख सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या मौजूद रहे।

कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. आयोजन कर्ता ने बताया कि सार्वजनिक मंदिर में भगवान भोलेनाथ की महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक, भव्य श्रृंगार पूजन, हवन पूर्णाहुति के आयोजन हुए। प्राण -प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद पंडित रविंद्र पांडे के निर्देशन में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण- प्रतिष्ठा की। इस दौरान पूरा मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर महाआरती हुई। इस अवसर पर श्रीराम भक्त मानस परिवार अंडा द्वारा संगीतमय रामायण का आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप



### नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर व फूल देकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम परसोदा (ड) में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं फूल देकर आत्मीयता से उनका स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को परिश्रम का मूलमंत्र देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत और ईमानदारी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को अपने रुचि के क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसे करने का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान और उनके मार्गदर्शन में पढ़ाई करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों व अतिथियों ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने इसके अलावा ग्राम पंचायत ओटेबंद में दस लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का सभी अतिथियों के साथ भूमिपूजन किया एवं सभी ग्रामीणों को नवीन कार्य के लिए शुभकामनायें दी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, सरपंच जीवन साहू, परसदा सरपंच, सभी शिक्षकगण तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचलकर देश में आपातकाल लागू किया



**बालोद/सिकोसा।** कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 को देश भर में थोपे गये आपातकाल जिसमें कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लोकतंत्र को कुचलकर आपातकाल के काले अध्याय को देशवासियों पर थोपा गया। इस विषय पर गुरुवार को कर्मा भवन हल्दी में को मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता अश्वनी यादव ने कहा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल लागू कर देश भर में डर का माहौल बना कर जो भी आपातकाल का विरोध किया। उनको जेलों में डालकर नजर बंद करने का काम किया गया था जिसमें देश विपक्षी पार्टी के नेताओं, पत्रकारों को नजर बंद, जबरदस्ती नसबंदी कराया, जिसका विरोध विपक्षी नेताओं ने किया। प्रेस समाचार के बिजली काट दी गई एवं कांग्रेस की षड्यंत्र कारी राजनीति के खिलाफ कुछ भी छापने से दबाव बनाकर मना कर दिया गया। आपातकाल काल संगोष्ठी कार्यक्रम में मंडल महामंत्री युगल ताम्रकार ने भी अपने स्वागत भाषण में आपातकाल की 50 वर्ष पूर्ण होने पर अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष तामेश्वर सिन्हा, मंडल महामंत्री आशीष साहू, मंडल कोषाध्यक्ष महेश बंटी देवांगन, अश्वनी कटहरे डॉक्टर रोहित साहू, हरदेव लाल सार्वा, पारख साहू, अशोक यादव, लेखराम साहू, नोहर लाल साहू, अखिलेश जैन, देवबती साहू, हेमलता साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शतरंज चैंपियनशिप का आगाज, 135 से ज्यादा खिलाड़ी ले रहे भाग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ द्वारा विवेकानंद सभागार में दो दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप की शुरुआत की गई।

---

**शिविर**

**गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट की, गोदभराई रस्म किया और किसानों को अरहर बीज मिनी किट वितरित किया**

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान से छग आत्मनिर्भर, समृद्ध राज्य बनेगा : सांसद नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





सांसद भोजराज नाग ने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर केन्द्र सरकार का आदिवासी समाज के लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का अत्यंत कारगर एवं अभिनव पहल है।

सांसद नाग आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम भंवरमरा में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। सांसद नाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र सरकार के द्वारा धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत सरकार के द्वारा हम जनजातीय समाज के लोगों के वास्तविक जरूरतों एवं समस्याओं को समझते हुए प्रशासनिक अमले को उनके बीच पहुँचकर जनजातीय समाज के लोगों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसका बहुत ही दूरगामी परिणाम हम सब को देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आज भंवरमरा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा है।

शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू, जनपद सदस्य राजेश्वरी टेकाम, ग्राम पंचायत भंवरमरा के सरपंच निर्मला ठाकुर, हीरन, उदय राम ओटी, उत्तम घरेन्द्र एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में हितग्राहीजन उपस्थित थे।

शिविर में सांसद नाग एवं अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा करने के अलावा किसानों को अरहर बीज मिनी किट भी वितरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए सांसद नाग ने भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व एवं —तत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदिवासी समाज के सच्चे नायक एवं देश के महान सपूत बताया। इस अवसर पर नाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार एवं विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नाग ने आदिवासी समाज के लोगों को लाभ संतृप्ति शिविर में अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाने की अपील भी की।

कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू ने संबोधित करते हुए धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को आदिवासी समाज के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत भंवरमरा के सरपंच श्रीमती निर्मला ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

ग्राम भंवरमरा में आयोजित शिविर के माध्यम से अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर ग्राम खोलझर निवासी सुलोचना बाई तथा आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर ग्राम चिखली निवासी गजेन्द्र कुमार ने शिविर आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की है। इसके अलावा ग्राम भंवरमरा निवासी खिलेश भण्डारी ने निवास प्रमाण पत्र तथा ग्राम अरजपुरी निवासी शांतिदेवी सहित अन्य हितग्राहियों ने लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से उनके राशन कार्ड बनाने तथा अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर शिविर के आयोजन को अपने जैसे जनजातीय परिवार के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए लाभप्रद बताया।

---

## सहकारी समिति मंगचुवा की एटीएम एक माह से खराब किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ किसानों रुप निकालने 17 किमी दूर सहकारी समिति भंवरमरा जाना पड़ रहा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का एटीएम आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मंगचुवा में लगा है मशीन को लगे लगभग 7 साल से ऊपर हो गया है आये दिन एटीएम मशीन खराब होता रहता है मशीन इतनी जर्जर हो चुका है कि कई बार तो तुरंत बनाने के बाद फिर वैसी का वैसी फिर हो जाता है और कई दिनों तक बंद पड़ा रहता है, इसके बदले नया एटीएम मशीन लगाने की आवश्यकता है एटीम मशीन बनाने वाले भी ध्यान नही देते है जिसको एटीएम इस मशीन का देख रेख जवाबदारी दिया गया है, उस कर्मचारी को तो बार बार फोन लगाने के बाद भी फोन नही उठाते है, मंगचुवा में एटीएम की सुविधा होने से किसान भाइयों को बहुत राहत मिल रही थी लेकिन एटीएम मशीन बार बार बंद होने से बहुत परेशानियां हो रही है यहां से आदिमजाति सेवा सहकारी समिति केन्द्रीय बैंक भंवरमरा की दूरी 17 किलोमीटर होने के कारण और भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा

अभी एटीएम मशीन को बंद पड़े लगभग 1 माह से ऊपर हो चुका है कोई भी कर्मचारी मशीन को बनाने में ध्यान नही देते है जनप्रतिनिधि लोग फोन करते है तो फोन भी नही उठाते है न सही जवाब देते है अभी खेती किसानी के सीजन में पैसो के लिए कई किसानों को बैंक के चक्कर काटना पड़ता है बैंक में भी बहुत भीड़ भाड़ रहता है कभी कभी तो खाली हाथ भी वापस आना पड़ जाता है एटीएम मशीन बंद होने से इस क्षेत्र के किसान भाइयों को और यहां रहने वाले कर्मचारियों को भी बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मंगचुवा के एटीएम से हफ्ते में लगभग 25 से 30 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन होता है फिर भी इस मशीन को बनाने के लिए कर्मचारी ध्यान नही देते है न आते है मंगचुवा इस क्षेत्र का सबसे बड़ा सप्ताहिक बाजार लगता है पुलिस थाना है ,महाविद्यालय है और सुविधा जनक स्थान होने कारण भी और आस पास के कई कर्मचारियों का रहना होता है और सभी कर्मचारी एटीएम के सुविधा का लाभ लेते है लेकिन बार बार मशीन के खराब होने से उनको भी परेशानियां होती है भाजपा मण्डल अध्यक्ष रेंगाडबरी एवं आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मंगचुवा के प्राधिकृत अध्यक्ष उतरा घरेन्द्र के बार बार फोन करने पर भी कर्मचारी फोन नही उठाते है न जवाब देते है। नया एटीएम मशीन लगाने की आवश्यकता है इस क्षेत्र के किसान भाइयों को पैसे निकालने के लिए तब राहत मिल सकेगी।

## विद्युत कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

बरसात का मौसम आते ही बिजली के करंट का खतरा बढ़ जाता है एवं बिजली के खंभों, एचटी लाइन, तारों और घर पर करंट के कारण कई हादसे देखने को मिलते हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसका कारण जानकारी का आभाव है। बिजली की लाइनों और घरों में प्रवाहित होने वाले करंट से बचने के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डौंडी क्षेत्र ने जनता को आगाह करते हुए कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आंधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हों, तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के टोल फ्री नं. 1912 पर, मोर बिजली एप एवं समीप के वितरण केन्द्र या जोन कार्यालय में दें। बारिश में बिजली के खंभों, तारों, और ट्रांसफार्मर से दूर रहें और किसी भी क्षतिग्रस्त लाइन या उपकरण को न छुएं। यदि आपको करंट लगने की आशंका है, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें। जहां बिजली के तार या उपकरण हो वहां बारिश के पानी में करंट फैल सकता है, इसलिए पानी में न चलें या न तैरें। बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय, सुनिश्चित करें कि आपके पैर सूखे हों और आप रबर या प्लास्टिक के जूते पहने हों। इस तरह की सावधानियां को ध्यान में रखते हुए बरसात के मौसम में बिजली से सतर्कता बरतनी चाहिए। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग सतर्क हो गया है। विभाग द्वारा बारिश से पूर्व सभी फीडरों, ट्रांसफार्मरों और तारों की जांच की जा चुकी है। लेकिन नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपभोक्ताओं को भी कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है :- विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए घरों/खेतां आदि में बिजली के गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें।

बाड़ी/खेतों की बाड़/कंटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करें। यह अनाधिकृत है, इससे किसी की जान भी जा सकती है एवं विभाग द्वारा खेत या बाड़ी के मालिक पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। विद्युत लाईनों, उपकरणों/ ट्रांसफार्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से उनको सुधारने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में विभाग के संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को सूचित करें। बिजली की लाईनों के नीचे और उनके समीप बिलकुल स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण ना करें। विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी बनायें रखें।

## आत्मानंद विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करके किया गया

पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल डौंडी में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला कन्या डौंडी के छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी श्रीमती मोहंतीन चौरका विशिष्ट अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष श्रीमती राधिका भारद्वाज, उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी श्री संजीव मानकर, पार्षद श्रीमती रेखा चौहान, श्री प्रशांत नेताम एस.एम. डी.सी.सदस्य श्रीमती रजनी जयसवाल, श्री जे एल ठाकुर, श्री एम एल साहू , श्री जगत यादव, श्री हेमंत बंजारे अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री के.आर .हिरवानी जी ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया संस्था प्रमुख ने अध्यक्षी उद्बोधन में शाला की विभिन्न कार्य योजना उपलब्धियां की जानकारी प्रदान कर नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कक्षा पहली छठवीं एवं नवमी प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर गणेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण कर किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी श्रीमती मोहंतीन चौरका के द्वारा सभी बच्चों को प्रति दिवस शाला आने एवं अपने संपूर्ण समय को शिक्षा के प्रति समर्पित करने के लिए आग्रह कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी उपाध्यक्ष संजीव मानकर के द्वारा शाला विकास के लिए विभिन्न योगदान की बात कही जिसमें उनके द्वारा यह बताया गया शाला प्रांगण में बच्चों के लिए डोम सेट का निर्माण निकट भविष्य में नगर पंचायत के द्वारा किया जाएगा इस प्रकार समस्त अतिथियों के द्वारा बच्चों को आशीष स्वरूप संबोधन करते हुए कार्यक्रम का समापन एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण करके किया गया इस अवसर पर दोनों माध्यम के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कार्यालय स्टाफ बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। अंत में समस्त अतिथिi एवं बच्चों को न्योता भोज में खीर पूरी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

## नगर में पहली बार निकाली गई जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा



**डौंडीलोहारा।** भगवन जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर नगर के श्री रामदरबार मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ जी अपनी छोटी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ नगर भ्रमण हेतु रथारूढ़ होकर निकले डौंडी लोहारा के राजपरिवार द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ जी के लिए नवीन रथ का निर्माण कराया गया है साथ ही नगर के युवाओं में भी रथयात्रा हेतु अद्भुत उत्साह बना हुआ था।शुक्रवार को शाम 04:00 बजे महाप्रभु की आरती के बाद रथयात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण से आरंभ हुआ व राजापारा, पुराना नप चौक, संजयनगर, बाजार चौक, विवेकानंद चौक, रामनगर, टिकरापारा, ब्राह्मण पारा, सदर लाइन होते हुए सम्पूर्ण नगर भ्रमण करते हुए पुनः श्री राम मंदिर प्रांगण पर यात्रा का विश्राम हुआ ,आयोजन को भव्यता प्रदान करने साउंड सिस्टम, लाइट्स इत्यादि आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया गया साथ ही नगर की सीताराम मंडली भजन कीर्तन के साथ रथ की अगुवाई कर रही थी। रथ में विशेष डोर का भी प्रबंध किया गया था जिससे नगरवासी जन, महिला पुरुष बच्चे आदि सभी रथ खींचने में अपनी भागीदारी दे रहे थे। साथ ही नगर के हनुमंत भक्त सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा समस्त आयोजन में शामिल हो कर महाप्रभु के उत्सव को भव्यता प्रदान कर रहे थे। जिसमें राजपरिवार से युवराज व नप अध्यक्ष लाल निर्वेंद्र सिंह टेकाम, छाया देवी टेकाम, लाल कौशल सिंह टेकाम, जया टेकाम, निखिल शर्मा हर्षवीर कसार एवं हनुमंत भक्त सेवा समिति की अहम भूमिका रही एवं नगर के नगरवासी तथा माता बहनें उपस्थित रही।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर रेडक्रास ने निकाली रैली




**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जुनियर रेडक्रास ने रैली निकाली । रैली को हरी झंडी प्रभारी प्राचार्य आर एल तारम ने दिखाया, वहीं वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर ने वर्तमान पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी। रेड क्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा तथा बालोद जिला रेड क्रॉस सदस्य सुश्री एनुका शार्वा, प्रदीप मेश्राम और लवण साहू, रविन्द्र नाथ योगी, डुप्ले साहू, हेमंत साहू, ने नशा निषेध के लिए स्कूली विद्यार्थियों के साथ नगर में रैली निकाली, बच्चों में नशा पान का सेवन ना हो इसलिए स्कूल के आसपास लगे दुकानों और गुमटियों में सभी शिक्षकों ने जा जाकर तंबाकू युक्त पदार्थ न बेचने की अपील की। इस उपलक्ष में बच्चों द्वारा /"नो स्मोकिंग और नो टोबैको/" थीम पर मानसी, कुमकुम, लोकिता, भावना और माया ने चित्रकला बनाया। इसी क्रम में सौरभ शर्मा ने विद्यार्थियों को रेड क्रॉस से जुड़ कर आप किसी भी नशा मुक्ति के लिए मुहिम चला सकते है बच्चों को बताया । इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ,जिसका निर्णायक सुश्री एनुका शार्वा और प्रदीप मेश्राम थे, वहीं स्लोगन प्रतियोगिता के निर्णायक लक्ष्मीचंद सोनवानी और सूर्योदय मानिकपुरी थे। सामाजिक सहयोग के लिए श्री दीपक निषाद आकाश फ्रूट कार्नर द्वारा रैली में उपस्थित सभी बच्चों के लिए फल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में दामन देशमुख एवम समस्त शिक्षक, रेड क्रॉस के विद्यार्थी यामिनी, कात्यानी, दीपिका, श्वेता, यशस्वी, आयुषी,विवेक, नीलम, उज्जवल, तोमेश्वरी, शीतल, ने एवम समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

**विद्या भारती का 300 नगरीय, 1000 ग्रामीण और 400 से अधिक वनांचल क्षेत्र में एकल विद्यालय**

# विद्या भारती संचालित वनवासी एकल विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



राजनांदगांव विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 27 जून से 29 जून तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में आयोजित है उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाराम तारम सदस्य जिला पंचायत बालोद क्षेत्र क्रमांक 7 एवं अध्यक्षता डोमार सिंह साहू प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर लोहारा एवं विशेष अतिथि दीपक यादव विभाग समन्वयक राजनांदगांव विभाग मुख्य वक्ता सियाराम सार्वा पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं श्री पुषन भूआर्य द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कु जागृति कोलियारे व साथी कक्षा दशम की बहनों के द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। संकुल समन्वयक अमीर दास कृषाणे द्वारा मंचस्थ अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया।

**भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षण कार्यः** मुख्य अतिथि राजाराम तारम ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित वनवासी क्षेत्र की शिक्षा एकल विद्यालय के माध्यम से सुदूर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक पुनीत कार्य कर रहे हैं जो हम सबके लिए बहुत सराहनीय का विषय है। आज भी वनांचल क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है ऐसे अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं अपने भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षण कार्य कर रहे हैं। समाज जागरण का कार्य कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण, नागरिक कर्तव्य जैसे अनेक कार्यों को लेकर स्वामी विवेकानंद के आदर्श को युवा पीढ़ियों को शिक्षित एवं देश की भावी पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं। हम सबके लिए गौरव का विषय है कि आज विद्या भारती से पढ़कर निकले हुए बच्चे समाज के, देश के विभिन्न क्षेत्रों में एक अच्छे पदों पर सेवारत हैं इसके लिए मैं संस्थान को बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद देना चाहता हूं और आचार्य परिवार को भी अपनी एक कठिन साधना के साथ बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माननीय सियाराम सार्वा जी ने कहा कि विद्या भारती पूरे देश में चार क्षेत्र में काम कर रही है पहले नगरीय क्षेत्र दूसरा ग्रामीण क्षेत्र तीसरा वनांचल क्षेत्र और चौथा है पिछड़ी बस्ती जहां संस्कार केंद्र के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारा शिक्षा पहुंचे इस उद्देश्य को लेकर आज हम सब शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

**विद्या भारती 1952 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में प्रारंभ :** विद्या भारती 1952 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में प्रारंभ हुआ। आज पूरे देश में भारतीय शिक्षा पद्धति को लेकर कार्य कर रही है यह निश्चित रूप से समाज के लिए अनुकरणीय कार्य है कार्यक्रम के विशेष अतिथि माननीय दीपक यादव जी ने अपने प्रशिक्षण की महत्व को बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण एक कुशल और आचार्य की संकल्पना एवं उद्देश्य को लेकर समय-समय पर इस प्रकार से प्रशिक्षण आयोजित करती हैं। जिससे आचार्य निर्माण एवं कार्यकर्ता निर्माण की भाव को लेकर विद्या भारती इस प्रकार की प्रशिक्षण आयोजित करती है। समाज में एक सेवाभावी कार्यकर्ता का निर्माण एवं आने वाले युवा पीढ़ी का निर्माण विद्या भारती कर रही है आज विद्या भारती में 300 नगरीय विद्यालय 1000 ग्रामीण विद्यालय और 400 से अधिक वनांचल क्षेत्र में एकल विद्यालय संचालित है। यह विद्यालय समाज के बंधु बांधव एवं दानदाताओं के सहयोग से संचालित होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संस्था प्रमुख श्री डोमार सिंह साहू, वरिष्ठ आचार्य अशोक सिन्हा, तोरण सिंह ठाकुर, सेवन्त देवांगन, श्रीमती प्रतिभा सुकतेल समस्त आचार्य दीदी एवं प्रबंध समिति से डोमेन्द्र देशमुख कोषाध्यक्ष एवं समस्त प्रबंध समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे। यह जानकारी अमीर दास जी ने दी।

## खबर संक्षेप



### वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डा. सलीम के आगमन पर किया स्वागत

**कुसुमकसा।** भाजपा मंडल कुसुमकसा अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डा सलीम रजा का कुसुमकसा आगमन पर बस स्टैंड चौक में भव्य स्वागत किया गया। जिसमे मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय विजय डडसेना ,भाजपा मंडल के कार्यकारिणी सदस्य मोती कोचरिया, मनीष जेठवानी सहित मुस्लिम कमेटी के डॉ नसीम खान, वाहिद अली वाजिद खान नईम खान सहित कमेटी के लोग उपस्थित थे।

### सांसद नाग ने निर्माणाधीन अहाते का निरीक्षण किया



**कुसुमकसा।** कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग अंचल के दौरे के दरम्यान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा अचानक पहुंचकर जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत अहाता निर्माण का निरीक्षण किया व निर्माण कार्य अपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने सांसद महोदय को अवगत कराया की अहाता निर्माण का कार्य लंबे समय से बंद पड़ा है ,अहाता निर्माण पूर्ण ना होने से जानवर शाला परिसर के अंदर तक आ जाते है वही रात्रि में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है ,अहाता निर्माण पूर्ण होने से शाला सुसज्जित रहेगा ,साथ ही उक्त शाला को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम करने के बाद जिला खनिज न्यास निधि से शाला भवन का मरम्मत कार्य हेतु लगभग 50 लाख रुपयों के कार्य कराया गया ,जिसमे जमकर भ्रष्टाचार किया गया ,उसकी भी जांच कराने की मांग की ,जिस पर सांसद ने विकास के कार्य पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की बात कही ,इस अवसर तोरण साहू अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा कृष्णकांत साहू ,मनीष जेठवानी ,नितिन जैन उपसरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा,उपस्थित थे।

### संविदा कर्मियों ने दी सुरक्षा की सीख

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सुक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षा जागरुकता के लिए एचआर-एल एंड डी केन्द्र में लघु नाटिका का मंचन किया गया।

## निधन

### अश्वनी महमल्ला



**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार निवासी अश्वनी महमल्ला का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वह सुदामा राम महमल्ला के पुत्र एवं विनोद महमल्ला के भतीजे पवन महमल्ला, दीपक महमल्ला के भाई थे।

**आयोजन : छात्राओं ने माता सरस्वती पूजा-अर्चना व वंदना की**

# किल्लेकोडा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के पावन धरा पर गुरुवार को नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हायर सेकेंडरी के सभागार में किया गया। इसके मुख्य अतिथि निर्भय भंडारी अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोडा थे,अध्यक्षता श्रीमती हेमलता विश्वकर्मा सरपंच ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुल्हार्य सदस्य ,राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, अजयमुखर्जी प्राचार्य एन.आर. शिवाना प्रधान पाठक, अधन सिन्हा ,छन्नू लाल भंडारी ,नितिन देशमुख समन्वयक ,श्रीमती गुलाबबाई शर्मा सदस्य, श्रीमती सखीना बाई पंच, वाय.एस.मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता, श्रीमती रुक्मणी बाई सिन्हा, चेतन सहारे रोजगार सहायक, चंद्रशेखर तारम उपसरपंच तथा सरपंच प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के प्रतिमा के पूजन अर्चना व गायत्री मंत्र के साथ हुआ ।तत्पश्चात कु यशस्वी, कु चंद्रमुखी ,कु मीनाक्षी 12वीं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किये।



**दी शुभकामनाएं और किया अभिनंदन**

नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। इस दौरान सरपंच महोदया तथा मुख्य अतिथि के द्वारा उपस्थित नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर, तिलक लगाकर तथा पुस्तक वितरण कर उनका सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन मरकाम सर( वरिष्ठ व्याख्याता) ने किया तथा उपस्थित कर्मचारियों ,छात्र-छात्राओं को नशा निषेध दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण करवाया तथा इसके प्रचार प्रसार परिवार ,समाज व अपने दोस्तों के समक्ष करने के लिए कहा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित थे जिनमें सर्वश्री सी. जी पटेल (व्याख्याता) ,जे.पी. बांधव (व्याख्याता), हेमेंद्र साहू (व्याख्याता), ललित देवहारी क्लर्क, श्रीमती त्रिजला ठाकुर मैडम, श्रीमती गोयल मैडम आदि उपस्थित थे।

समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन व संपादन राज्यपाल पुरस्कृत डॉ बी. एल. साहसी व्याख्याता ने किया। संचालन के दौरान डॉ साहसी ने कहा कि इस सफलता के पीछे छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वास रहा है क्योंकि कहते हैं सफलता का पहला रहस्य आत्मविश्वास होता है ।इस अवसर पर मुखर्जी सर ने कहा कि इस वर्ष भी कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है जिनमें बत्तीस छात्र- छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है, ऐसा ही मैं नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं से भी अपेक्षा रखता हूं, उनको मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। तत्पश्चात वीरेंद्र कुल्हार्य ने कहा कि अच्छे रिजल्ट आने के लिए मेरी ओर से आप सबको बधाई एवं नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।

हेमलता विश्वकर्मा मुख्य अतिथि अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कहा कि यहां पर जितने भी छात्र छात्र नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित हैं मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं कि, आने वाले समय में वे अनुशासन बनाए रखते हुए ,विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि के आसंदी पर बोलते हुए भंडारी जी ने कहा कि सभी व्याख्याताओं को मेरी और ढेर सारी बधाई एवं नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि वे आने वाले समय में यहां के पथ पर चलते हुए अपना कदम बढ़ाएंगे व विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे। प्रधान पाठक शिवना सर ने कहा कि अच्छा रिजल्ट लाने के पीछे मुख्य हाथ छात्र-छात्राओं की मेहनत तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेशोत्स में



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जुन्नापानी में नए सत्र प्रारंभ होने पर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शाला के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

शाला के प्रधानपाठक क्रमशः एस. कोरेटी, आर.बी. सोरी द्वारा स्वागत उद्बोधन, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शाला के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात शाला प्रवेशोत्सवा कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे तुकाराम कोर्राम, बिशिष्ट अतिथि नौमेश वैष्णव एवं विशेष अतिथि ओमप्रकाश यादव शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सरपंच खेता पोर्ते, आशा यादव द्वारा कक्षा पहली एवं छटवीं के नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, पेन एवं गणवेश प्रदान किया गया।

सरपंच खेता पोर्ते द्वारा बच्चों को चाकलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक शिक्षक डीके गजभिए ने किया। उक्त कार्यक्रम में शाला के शिक्षक तोमेश्वर नैकहा, बी.के. चनाप, टी नागवंशी, तथा बड़ी संख्या में पालकगण एवं पंचगण उपस्थित थे।

## सुरडोंगर स्कूल के प्रवेशोत्सव में बच्चों बांटीं गई किताबें



**डौंडी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर ग्राम सरपंच श्रीमती तारा देवी दर्रो के मुख्या आतिथ्य, एवं संस्था प्रमुख बी.के.बहुरुपी के अध्यक्षता एवं मदनलाल साहू शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ,तोरण सिंह मरकाम ,ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुख-चैन ठाकुर ,उपसरपंच किशोर साहू,समेश मरकाम युवा समिति अध्यक्ष ,नकुल विश्वकर्मा, कांसीराम ध्रुवे,महिला कमांडो गंगा बाई एवं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित पालकगण के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया नवप्रवेशित कक्षा नवमी के विद्यार्थियों को गुलाल चंदन का टीका लगाकर मिठाई से मुंह मीठा कराकर एवं उन्हें शासन की योजना अनुसार पुरे कक्षा के विद्यार्थियों को पुस्तक का वितरण कर उन्हें उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया।

साथ विद्यालय में संचालित रेडक्रॉस सोसायटी , भारत स्काउट गाईड , बागवानी, यूथ एवं ईको क्लब के एवं विद्यार्थियों के द्वारा समस्त अतिथियों एवं ग्रामीण जनों को नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम, इलैक्ट्रोनिक वेस्ट मैनेजमेंट एवं जल संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराकर आगामी समय में स्वस्फूर्त होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही इस दिशा में प्रतिबद्धता हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं खेलकूद का आयोजन कर उन्हें विद्यालय से जोड़कर एक अपनापन एवं पूरी तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता निर्मल ठाकुर, कांशीराम सोरी,केशव मानकर, संजय बंजारे, रामस्वरुप तिवारी, सुमन बंजारे,ओमन मारकंडे,प्रीत बंजारे, ईशु साहु, चीनी दावरे,नितिन यादव गोविंद चुके सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।



### आलबरस में शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का किया स्वागत

अंडा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस में शाला प्रवेश उत्सव सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस की मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। शाला की कक्षा पहली एवं छठवीं में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को दो जोड़ा गणवेश भी वितरित किया गया। साथ ही **NMMSE** परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्रा तूणीर साहू (जिला दुर्ग में प्रथम स्थान तथा छ. ग.राज्य में पांचवां स्थान), जिज्ञासा देशमुख,सागर डहरिया को शाला के द्वारा स्कूल बैग एवं डॉक्यूमेंट फाइल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सैनिक श्री भुवन लाल देशमुख द्वारा बच्चों को अनुशासित रहकर पढ़ाई करने, विद्यालय की संपत्ति को अपनी संपत्ति की तरह देखभाल करने, वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा करने, शिक्षकों का सदैव सम्मान करने आदि विचारों से संबोधित करते हुए नवप्रवेशी बच्चों को नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप सरपंच नंदू देशमुख,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड ,उपाध्यक्ष सरिता देशमुख ,वरिष्ठ नागरिक राम रतन निषाद जी, हीरालाल धनकर, शैलेन्द्र देशमुख ,संकुल समन्वयक जनार्दन साहू,प्रधान पाठक गुमिता साहू, सावित्री चंदेल, शिक्षक मोहनी देशमुख, गीता कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, सुरेखा ठाकुर, विनोद कुमार साहू ,सफाई कर्मचारी वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख,पालक महेश कुमार साहू, डोमन लाल देशमुख, घनश्याम साहू, एमंत देशमुख, प्रियंका देशमुख, ख़ोमिन बाई डहरिया आदि उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



बालोद/सिकोसा। शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला रजोली मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चुन्द्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, ग्राम पंचायत सरपंच त्रयोदय मकेश एवं एसएमसी समिति के सदस्य शामिल हुए। नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, पुष्प व आरती कर स्वागत किया गया। अतिथि बच्चों को गणवेश व पुस्तक दिया गया। अतिथि द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाया गया। जिसमे प्रधान पाठक द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

## देवरी शाला (ख) के प्रवेशोत्सव में न्योता भोज कराया गया

**बालोद/सिकोसा।** शहीद दुर्वासा लाल निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी (ख) में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी (ख) के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत देवरी (ख) की सरपंच कुसुम देशमुख तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र निषाद और गोविंद लाल साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपसरपंच अंशु गायकवाड एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, साथ ही निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सभी अतिथियों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से पौधारोपण किया गया। नेवता भोज के माध्यम से सभी बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार देशमुख, मनोहर साहू, ललित साहू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं हरिका साहू, शशिकला बंजारे, युगल किशोर देवांगन उपस्थित थे।



कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टुमन लाल सेन ने किया तथा शाला के प्रधान पाठक राजेश कुमार वर्मा ने एक पेड माँ के नाम विषय पर विचार रखते हुए पर्यावरण एवं नैतिक मूल्यों पर बच्चों को संबोधित किया। प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार रामटेके के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### नशामुक्ति व नशा उन्मूलन अभियान में दिलाई शपथ



**डौंडीलोहारा।** संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशापान नहीं करने व उसे त्यागने हेतु विद्यालयीन बच्चों को शपथ दिलाया गया।स्थानीय आरक्षी केंद्र से उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा नशा के दुष्प्रभावों व होने वाली बीमारियों की जानकारी दी गयी।व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम द्वारा विद्यालय के रेडक्रॉस , स्काउट गाइड व ईको क्लब के द्वारा नशामुक्ति के संबंध में चलाई जा रही कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आरक्षी केंद्र डौंडीलोहारा से कर्मचारीगण, विद्यालयीन स्टॉफ के साथ सभी बच्वें उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ मंदिर ओटेबंद सिरसिदा जगभाठा में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से मनाया गया। सुभद्रा देवी बलभद्र देव भव्य रथ यात्रा ग्राम ओटेबंद, सिरसिदा एवं आस पास के गांव में रथ यात्रा निकला गया। आस पास से दर्शनार्थी बहुत अधिक संख्या में उपस्थित हुए। मंदिर में सुबह महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का अभिषेक पूजन की प्रक्रिया किया। इसके पश्यात भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा ने रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन दिए। बैंड-बाजे के साथ भक्ति भाव से भगवान के रथ को ओटेबंद में भ्रमण कराया गया। रथ को खींचने व महाप्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। महिला, पुरुष, बच्चों सहित सभी ने आयोजन में भागीदारी निभाई। रथ यात्रा के आनंद उत्सव में नृत्य करते हुए भक्त भाव विभोर हो रहे थे। मंदिर के सदस्य लवकुश, बबला, गुड्डु, बीरेन्द्र, पुरूषोत्तम, भगवान सिंह, दुर्गा प्रसाद, लोकेश्वर, भोलू, शेर सिंह , इन्द्र जीत चन्द्राकर, रामायण प्रसाद, शिव कुमार, भोला महाराज, आदर्श पांडे। अन्य ग्रामीण जन आर्यन, अंकुश, अमन, यश, जैश, डेनिश, ठाकुर सिंह, गौरव, सौर्य, हीरालाल, रोहित चन्द्राकर सहित आस पास के अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## कलंगपुर में छत्रपति शिवाजी की जयंती धूमधाम से मनाई

**गुण्डरदेही।** ओबीसी संयोजन समिति जिला बालोद एवं जिला दुर्ग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से साहू समुदायिक भवन कलंगपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज का जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किरत राम कुल्हाड़ा ने शिवाजी महाराज के द्वारा शोषित पीड़ित वंचित पिछड़ा वर्ग को अपने साम्राज्य में 1902 मे 50 प्रतिशत आरक्षण देकर इस वर्गो के लिए जो अधिकार दिया था, इस पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष बल्दु राम साहू ने ओबी‌ी समाज में जितने भी अलग अलग जाति है वे जाति समाज से वर्ग समाज में ओ बी सी संयोजन समिति में जुड़कर अपने हक अधिकार के लिए काम करने कि बात कहा, अभार बालोद जिला महासचिव सांवत राम साहू भोथीपार ने किया। कार्यक्रम में गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, संरक्षक बुधारु राम साहू, चमरु राम साहू, उत्तम निषाद, नरेंद्र धरमगुडी, राम सहाय साहू, नम्मु साहू, इन्द्रजित कुल्हारे, कल्याण सिंह साहू एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

शैलदेवी महाविद्यालय
अंडा, दुर्ग 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432
Accredited NAAC Grade "A"
ADMISSION OPEN
BSc Maths/CS/Bio
BCom
B.A Home Science Geography
MSc Chemistry/CS
MCom
BCA AICTE Approved
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

**खबर संक्षेप**



## आपणो उत्सव में नितिशा को मिला दूसरा स्थान, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिनिधित्व



**गुरूर।** अपनी गायन कला की प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ रही नगर की बेटी नितिशा टावरी ने प्रदेश स्तरीय आपणो उत्सव मे आयोजित गायन प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिसके बाद नितिशा टावरी अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हैदराबाद जाएगी। माता पिता व परिवार के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन व अपनी प्रतिभा को निखारते हुए नगर की बेटी नितिशा टावरी ने प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय आपणो उत्सव अभनपुर जिला रायपुर मे अपनी प्रतिभा के दम पर गायन प्रतियोगिता मे दुसरा स्थान प्राप्त किया गया है। वहीं नितिशा के इस सफलता के बाद वहां सम्म्मान समारोह के दौरान उपस्थित निर्णायको व अतिथियो द्वारा नितिशा को उनके माता पिता के साथ ट्राफी देकर सम्मान किया गया।

## मेंड़की के प्राशा में प्रवेशोत्सव मनाया



**बालोद।** ग्राम मेंड़की के प्राथमिक शाला में साला उत्सव मनाया गया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष नीतू साहू एवं सदस्य गण व पंच संतोष साहू, चंचल साहू, विश्वाकांत भारद्वाज शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया साथ में सरपंच के हाथों से स्कूली बच्चों को कॉपी पेन एवं बुक वितरण कर मुंह मीठा कराया तभी साला विकास समिति ने सरपंच को स्कूल की समस्या के बारे में अवगत कराया सरपंच ने हर संभव प्राथमिक शाला स्कूल के विकास करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीतू साहू, तारकेश्वर श्रीवास्तव, सुरेश साहू, कामेश्वरि साहू, सुरेखा बाई, साधना साहू, बिमला साहू, लखेश्वरी साहू, प्रधान पाठक लोकेंद्र कुमार यादव, शिक्षिका सोमा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

**अभियान : पौधारोपण का शुभारंभ कृषक इष्टदेव भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना कर किया गया**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 250 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांशी योजना एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रियान्वयन करते हुए, सेवा सहकारी समिति कलंगपुर के धान खरीदी केन्द्र परिसर पर लगभग 250 नग छायादार व फलदार पौधो का रोपण किया गया। जहां पौधारोपण का शुभारंभ सर्वप्रथम कृषक इष्टदेव भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित गुण्डरदेही ब्रांच मैनेजर महावीर प्रसाद ठाकुर एवं प्राधिकृत अधिकारी व प्रभारी प्रबंधक तीजू कुल्हारे के द्वारा यहां उपस्थित कृषको एवं ग्रामीण जनों को पर्यावरण संरक्षण के बारे मे विस्तार से बताते हुए रोपित पौधो की देख रेख एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सरपंच पंच, कृषक एवं गांव के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी लोंगो ने एक एक पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर एमपी ठाकुर, प्राधिकृत अधिकारी दिलीप कुमार कुल्हारे, प्रबंधक तीजू कुल्हारे, ग्रामीण अध्यक्ष कुशल साहू, सरपंच पुष्पा सिन्हा, उपसरपंच भुवनेश्वरी साहू, समाज सेवी दिलीप चंद जैन, पूर्व प्राधिकृत प्रतापचंद जैन, पूर्व सरपंच गोविंद सिन्हा, बिरमचंद कुल्हारे, द्वारिका सिन्हा, केके कटेन्द्र, सुफल साहू, इंद्र कुमार कुल्हारा, शत्रुघ्न महतो, इन्द्रजीत कुल्हारे, भागवत सिन्हा, अरविंद सेन, कौशल साहू, भिखारी साहू, भीखम ठाकुर, खिलेश्वर साहू, केवल साहू, अश्वनी सिन्हा, डोमार सिन्हा, शोभा यादव, अमृता सिन्हा, दुष्यंत कुमार साहू, राजू सिन्हा सहित पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।





## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण

**गुरूर।** ग्राम गंगोरीपारकंवर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण, जिसमे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, वरूण देवांगन, भाजपा कार्यकर्ता कंश कुमार यादव, उत्तम प्रितिलता साहू, सरपंच लीलम कुमार साहू, पूरन साहू, भुनेश्वरी साहू, गीता साहू, ललिता साहू, पीला बाई, कुमारी बाई, सीता ठाकुर, सोहद्रा निशाद उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" थीम पर 205 पौधों का रोपण किया

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आामापारा बालोद के तत्वाधान में 28 जून को ग्राम बरही में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष व रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू, आदिम जाति सेवा सहसमिति के अध्यक्ष भावेश उइके, सरपंच कोमिन सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष माखन लाल साहू, समिति प्रबंधक लालू राम साहू, बिसुन लाल ठाकुर, देवकुमारी साहू, नारायण साहू, ईश्वरलाल साहू, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी, सरिता उपस्थित थे। जिनके द्वारा 205 नग पौधो का रोपण किया गया तथा मंच संचालन भोपसिंह साहू ने किया। बीके. विजयलक्ष्मी ने कहा कि जंगल, जानवर, जमीन, जनता इन सभी के समूह मिलकर पर्यावरण बनता है।





वर्तमान समय में प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। आजकल प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे प्रकृति का दम घुट रहा है। प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है, लेकिन जब हम लोभ वश उसका अत्यधिक दोहन करने लगते है, तब समस्या शुरू होती है। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संवर्धन करें। बीके. सरिता ने कहा कि कहा कि जल है तो हमारा भविष्य है। जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई महत्वपूर्ण सम्पत्तियों में से एक है। बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जल की कमी धीरे-धीरे बढ़कर एक गम्भीर समस्या का रूप लेती जा रही है। जन संख्या विस्फोट, बढ़ता प्रदूषण अंधाधुंध औद्योगीकरण, निरंतर गिरता भू जल का स्तर वृक्षो का कटाव तथा पानी की बर्बादी आज सबसे बड़ी समस्यायें है।

तोमन साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम हर किसी को पौधे लगाना चाहिए। भारतीय संस्कृति में पेड़ को मां माना गया है, जब हम एक पेड़ लगाते है तो सिर्फ जड़े नहीं गाड़ते बल्कि हम संस्कृति, कर्तव्य और भविष्य को भी रोपते है। मां जीवन देती है और पेड़ जीवन को संजोते है। इस तरह से सभी ग्रामीण जनों ने मिलकर पौधा रोपण किया।

## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत 100 पौधे रोपे गए





**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम कंवर स्टेडियम में पौधारोपण का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत कंवर व ग्राम वासियों के सहयोग से लगभग 100 फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कंवर बालचंद टंडन, उप सरपंच नवीन पटेल, अध्यक्ष भाजपा मंडल पुरूर टुकेश्वर पांडे, सेवा निवृत्त शिक्षक धन्नूलाल टंडन, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कंवर घनाराम साहू, व्याख्याता केके तारम सम्मिलित हुए। इस पौधारोपण कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## इस्कॉन प्रचार केंद्र ने भक्ति जागरण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की शुद्ध भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा स्टॉल लगाकर लोगो को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस्कान प्रचार केंद्र गुरुर ने हर गुरुवार को गुरुर बाजार क्षेत्र में सेवा स्टॉल लगाकर हरिनाम संकीर्तन, भगवद गीता वितरण, कृष्ण प्रसाद जैसी सेवाएं प्रारंभ की हैं। यह सेवा पिछले तीन सप्ताहों से नियमित रूप से चल रही है, जिसमें गुरुर और आस पास के गांवों के भक्तगण भक्ति भाव से भाग ले रहे हैं। लोग





आत्मीयता से जुड़ रहे हैं, कीर्तन सुन रहे हैं, गीता ले रहे हैं और भक्ति जीवन के विषय में जानने के लिए उत्सुकता दिखा रहे हैं। केशव सखा दास, जो हिज होलिनेस भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज के शिष्य हैं और इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर की देख रेख कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल एक स्थान पर नहीं, बल्कि गांव-गांव तक भक्ति का संदेश पहुंचाना है। इसी क्रम में हर रविवार को अलग-अलग भक्तों के घरों में 'भक्ति वृक्ष सभा' का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में नृत्यपूर्वक हरिनाम संकीर्तन, विषय आधारित कथा, चर्चा, सामूहिक भजन और सत्संग का आयोजन होता है, जिससे पूरे क्षेत्र में एक आध्यात्मिक वातावरण बन रहा है।

केशव सखा दास ने यह भी बताया कि आगामी कुछ ही हफ्तों में भक्त प्रह्लाद गुरुकुल की शुरुआत की जाएगी, जिसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं को भक्ति की शिक्षा देना है। इस गुरुकुल में मृदंग वादन, कर्ताल वादन, कीर्तन गायन की विधि, संस्कृत उच्चारण, पढ़ना व जप अभ्यास सिखाया जा रहा है।

साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं को संस्कृत पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि वे शास्त्रों को सीधे रूप में समझ सकें और भक्ति में और गहराई से जुड़ सकें। इस्कान प्रचार केंद्र गुरुर का यह अभियान न केवल प्रचार तक सीमित है, बल्कि इसका उद्देश्य है एक ऐसा पूर्ण आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करना जहां हर व्यक्ति भौतिक दुखों से मुक्त होकर, भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में सच्चे सुख का अनुभव कर सके।













